Springboard ACADEMY

# PSI TEST SERIES 2025

# HISTORY OF RAJASTHAN

PAPER ID : GK 301

# Answer Key

**Date : 23 Nov., 2025**

## HINDI & ENGLISH MEDIUM


**JAIPUR**

A-1, Keshav Vihar, Riddhi Siddhi Chouraha, Gopalpura By Pass, Jaipur, Rajasthan - 302018 | Mob. : 0141-3597948, 9636977490

**JODHPUR**

P. No 145 Samrathal Tower Manji Ka Hattha, Paota, Jodhpur (Rajasthan) 342006 | Mob. : 7726944080

1. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–**

| पुरातत्व स्थल | | उत्खनन से प्राप्त साक्ष्य |
|---|---|---|
| A. आहड़ | – | गोरे/कोठे |
| B. रंगमहल | – | कुषाणकालीन गुरु-शिष्य की मूर्ति |
| C. नोह | – | 16 चक्रदार कुएँ |
| D. रैढ़ | – | गोल मंदिर |

**उपर्युक्त में से असुमेलित युग्म है–**

[1] A [2] B
[3] C [4] D
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [4]**

- आहड़ सभ्यता से अनाज रखने के बड़े भाण्ड गड़े हुए मिलें हैं जिसे स्थानीय भाषा में 'गोरे' व 'कोठे' कहा जाता है।
- रंगमहल से कुषाणकालीन गुरु-शिष्य की मूर्ति प्राप्त हुई है।
- नोह उत्खनन में एक स्थान से 16 रिंगवेल मिले हैं जो कि अपशिष्ट जल को समाहित करने के साधन थे।
- गोल मंदिर के अवशेष बैराठ से प्राप्त हुए हैं।

2. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

A. राजस्थान में मध्यपाषाण युगीन मानव कंकाल गणेश्वर से प्राप्त हुआ है।

B. गणेश्वर – जोधपुरा कॉपर कॉपलेक्स गैरिक रंग के मृदभाण्ड से संबंधित है।

**उपर्युक्त में से सत्य कथन का चयन कीजिए –**

[1] केवल A [2] केवल B
[3] A व B दोनों [4] न ही A न ही B
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

राजस्थान में मध्यपाषाण युगीन मानव कंकाल बागोर से प्राप्त हुआ है जिसे अपने निवास पर ही पश्चिम-पूर्व दिशा में दफनाया गया है।

3. **निम्नलिखित में से किसके लिए बैराठ प्रसिद्ध है?**

A. अशोक स्तम्भ
B. बौद्धमठ
C. गुप्तकालीन मुद्राएँ
D. बैल व भेड़े

**कूट :**

[1] A, B व C [2] केवल A व B
[3] A, B व D [4] केवल C व D
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

बैराठ से मुख्यत: मौर्यकालीन अवशेष प्राप्त होते हैं, यहाँ उत्खनन में चाँदी की आठ 'पंचमार्क' मुद्राएँ और इण्डोग्रीक शासकों की अट्ठाईस मुद्राएं मिली हैं इन मुद्राओं में सोलह मुद्राएं यूनानी शासक मिनेण्डर की मानी जाती है।

1. **Consider the following pairs:**

| Archaeological Site | | Evidences Obtained from Excavation |
|---|---|---|
| A. Ahar | - | Gore/Kothe |
| B. Rangmahal | - | Idol of disciple and teacher of Kushanera |
| C. Noh | - | 16 Ring wells |
| D. Raidh | - | Circular Temple |

**The mismatched pair from the above is:**

[1] A [2] B
[3] C [4] D
[5] Question Not Attempted

**Sol. [4]**

- Large grain storage vessels have been found buried in the Ahar civilization, which are known as "gore" and "kothe." in local language
- Kushan-era idol of disciple and teacher has been found from Rangmahal.
- 16 Ring wells were found at one site during the Noh excavation, which were used to collect wastewater.
- Remains of the Circular temple have been found from Bairath.

2. **Consider the following statements:**

A. A Mesolithic age human skeleton has been found at Ganeshwar in Rajasthan.

B. The Ganeshwar-Jodhpura Copper Complex is related to ochre-colored pottery.

**Select the correct statement from the above:**

[1] Only A [2] Only B
[3] Both A and B [4] Neither A nor B
[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

Mesolithic human skeleton was found at Bagor in Rajasthan, buried in a West-East direction at its residence itself.

3. **Bairath is known for which of the following?**

A. Ashok Pillar
B. Buddhist Monastery
C. Gupta Period Coins
D. Bulls and Sheep

**Code :**

[1] A, B and C [2] A and B only
[3] A, B and D [4] C and D only
[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

Mainly Mauryan period remains are found from Bairath. Excavations here have yielded eight silver 'Panchmark' coins and twenty-eight coins of Indo-Greek rulers. Sixteen of these coins are believed to be those of the Greek ruler Menander.

4. **अधोलिखित अभिलेखों को सही काल क्रम में व्यवस्थित कीजिए (आरोही क्रम)–**

A. घोसुण्डी अभिलेख B. बसन्तगढ़ अभिलेख
C. राजोरगढ़ अभिलेख D. घटियाला अभिलेख

**कूट :**

[1] A, B, C, D [2] B, C, D, A
[3] A, C, D, B [4] A, B, D, C
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [4]**

- घोसुण्डी अभिलेख (द्वितीय शताब्दी ई. पू.)
- बसन्तगढ़ अभिलेख (625 ई.)
- घटियाला अभिलेख (861 ई.)
- राजोरगढ़ अभिलेख (923 ई.)

5. **''शासक–वंश–निर्माण कार्य'' के गलत समुच्चय का चयन कीजिए–**

[1] अर्णोराज – चौहान – वराह मंदिर
[2] गोपालपाल – झाला – मदनमोहन मंदिर
[3] ईश्वरी सिंह – कच्छवाहा – सरगासूली
[4] बप्पा रावल– गुहिल – एकलिंग जी मंदिर
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

- गोपालपाल करौली के यादव वंश का शासक है जिसने मदनमोहन मंदिर का निर्माण करवाया।

6. **मारवाड के राठौड़ वंश से संबंधित निम्नांकित कथनों में से सत्य कथन का चयन कीजिए–**

A. राव मालदेव ने अजमेर के तारागढ़ दुर्ग में पानी की व्यवस्था करवाई।
B. 1583 ई. में मुगल शासन द्वारा मोटा राजा उदयसिंह को जोधपुर का शासक नियुक्त किया गया था।
C. जहाँगीर ने 1640 ई. में जसवंत सिंह प्रथम को 'दलथम्भन' की उपाधि प्रदान की।

**कूट :**

[1] केवल A व B [2] केवल B व C
[3] केवल A व C [4] उपर्युक्त सभी
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [1]**

जहाँगीर ने 1621 ई. में गजसिंह को 'दलथम्भन' की उपाधि प्रदान की।

7. **निम्नलिखित में से किसे राजस्थान साहित्य में 'पीथल' कहा गया है?**

[1] मेवाड़ के महाराणा प्रताप
[2] भरतपुर के राजा सूरजमल
[3] बीकानेर के पृथ्वीराज राठौड़
[4] शाकम्भरी शासक पृथ्वीराज तृतीय
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

पीथल और पाथल बीकानेर के राजकुमार पृथ्वीराज राठौड़ और मेवाड़ के महाराणा प्रताप को कहा गया है। कन्हैयालाल सेठिया ने इसी शीर्षक का काव्यमय वर्णन किया है।

4. **Arrange the following inscriptions in the correct chronological order. (Ascending order):**

A. Ghosundi Inscription B. Basantgarh Inscription
C. Rajorgarh Inscription D. Ghatiyaala Inscription

**Code :**

[1] A, B, C, D [2] B, C, D, A
[3] A, C, D, B [4] A, B, D, C
[5] Question Not Attempted

**Sol. [4]**

- Ghosundi Inscription (2nd century BC)
- Basantgarh Inscription (625 AD)
- Ghatiyaala Inscription (861 AD)
- Rajorgarh Inscription (923 AD)

5. **Select the incorrect set of "Ruler-Dynasty-Construction Work" :**

[1] Arnoraj - Chauhan - Varaha Temple
[2] Gopalpal - Jhala - Madan Mohan Temple
[3] Ishwari Singh - Kachhwaha - Sargasuli
[4] Bappa Rawal - Guhil - EklingjiTemple
[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

- Gopalpal is the ruler of the Yadava dynasty of Karauli who built the Madan Mohan Temple.

6. **Choose the correct statement from the following statements regarding the Rathore dynasty of Marwar:**

A. Rao Maldeo made arrangements for water supply in the Taragarh Fort of Ajmer.
B. In 1583 AD, the mughal rule appointed Mota Raja Udai Singh as the ruler of Jodhpur .
C. Jahangir conferred the title of 'Dalthambhan' on Jaswant Singh I in 1640 AD.

**Code :**

[1] A and B only [2] B and C only
[3] A and C only [4] All of the above
[5] Question Not Attempted

**Sol. [1]**

Jahangir conferred the title of 'Dalthambhan' on Gaj Singh in 1621 AD.

7. **Which of the following is referred as 'Pithal' in Rajasthani literature?**

[1] Maharana Pratap of Mewar
[2] King Surajmal of Bharatpur
[3] Prithviraj Rathore of Bikaner
[4] Ruler of Shakambhari Prithviraj -III
[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

Pithal and Pathal are attributed to Prince Prithviraj Rathore of Bikaner and Maharana Pratap of Mewar. Kanhaiyalal Sethia has poetically described this title.

Springboard ACADEMY

**8. मनोरथ मंजरी, रसिक रत्नावली, देह दशा आदि काव्य ग्रंथों की रचना निम्नांकित में सें किस शासक द्वारा की गई?**

[1] राजसिंह [2] अनूप सिंह
[3] सज्जन सिंह [4] सावंत सिंह
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [4]**

उक्त रचनाएँ किशनगढ़ शासक सांवत सिंह (1778-1964 ई.) द्वारा रचित हैं। 'नागर समुच्चय' सांवत सिंह की माधुर्य भक्ति का संग्रह ग्रंथ है। उपरोक्त तीनों ग्रन्थ नागर समुच्चय में शामिल है।

**9. निम्नलिखित कोटा के हाड़ा राजवंश शासकों को काल क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–**

A. राव मुकुन्द सिंह B. महाराव उम्मेद सिंह
C. किशोर सिंह -II D. महाराव भीमसिंह-I

**कूटः**

[1] A - B - D - C [2] B - C - D -A
[3] A - C - D - B [4] A - D - B - C
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [4]**

- राव मुकुन्द सिंह (1648-1658 ई.)
- महाराव भीमसिंह-I (1707-1720 ई.)
- महाराव उम्मेद सिंह (1770-1819 ई.)
- किशोर सिंह-II (1819-1828 ई.)

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

A. पुरंदर की संधि सवाई जयसिंह की दूरदर्शिता व शक्ति की पराकाष्ठा थी।
B. मानसिंह ने उड़ीसा को जीतकर पहली बार उसे मुगल साम्राज्य का अंग बनाया।
C. भारमल मुगलों से वैवाहिक संबंध स्थापित करने वाला पहला राजपूत शासक था।

**उपर्युक्त में से सत्य कथन का चयन कीजिए–**

[1] केवल A व B [2] केवल B
[3] केवल B व C [4] उपर्युक्त सभी
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

- दक्षिण भारत में मिर्जा राजा जयसिंह व शिवाजी के बीच पुरंदर की संधि 1665 ई. हुई।
- मानसिंह ने 1592 ई. में उड़ीसा जीतकर पहली बार उसे मुगल साम्राज्य का अंग बनाया।
- राजा भारमल ने 1562 ई. में अपनी पुत्री हरकुबाई/शाहीबाई/मानमति का विवाह अकबर के साथ किया।

**11. निम्नांकित में से सवाई जयसिंह के बारे में कौनसा कथन सही नहीं है–**

[1] बहादुरशाह-I ने आमेर का नाम बदलकर मोमिनाबाद कर दिया था।
[2] इन्होंने सात मुगल शासकों के अधीन कार्य किया।
[3] इनके प्रयासों से 17 जुलाई, 1732 को राजपूत राजाओं का हुरड़ा में सम्मेलन बुलाया गया।
[4] इनके शासनकाल में जयबाण तोप का निर्माण करवाया।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**8. Which of the following rulers composed the poetic works Manorath Manjari, Rasik Ratnavali, and Deh Dasha?**

[1] Raj Singh [2] Anoop Singh
[3] Sajjan Singh [4] Sawant Singh
[5] Question Not Attempted

**Sol. [4]**

The above works were written by Kishangarh ruler Sawant Singh (1778-1764 AD). "Nagar Samuchaya" is a collection of sweet devotional works by Sawant Singh. About there texts are included in Nagar Samuchya.

**9. Arrange the following Hada dynasty rulers of Kota in chronological order:**

A. Rao Mukund Singh B. Maharao Ummed Singh
C. Kishor Singh-II D. Maharao Bhim Singh-I

**Code :**

[1] A - B - D - C [2] B - C - D -A
[3] A - C - D - B [4] A - D - B - C
[5] Question Not Attempted

**Sol. [4]**

- Rao Mukund Singh (1648-1658 AD)
- Maharao Bhim Singh-I (1707-1720 AD)
- Maharao Umaid Singh (1770-1819 AD)
- Kishor Singh-II (1819-1828 AD)

**10. Consider the following statements:**

A. The Treaty of Purandar was the culmination of Sawai Jai Singh's vision and power.
B. Man Singh conquered Orissa and made it a part of the Mughal Empire for the first time.
C. Bharmal was the first Rajput ruler to establish marital relations with the Mughals.

**Select the correct statement from the above:**

[1] A and B only [2] B only
[3] B and C only [4] All of the above
[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

- The Treaty of Purandar (1665 AD) was signed between Mirza Raja Jai Singh and Shivaji in Southern India.
- Man Singh conquered Orissa in 1592 AD and made it a part of the Mughal Empire for the first time.
- Raja Bharmal married his daughter Harkubai/Shahibai/Manmati to Akbar in 1562 AD.

**11. Which of the following statements about Sawai Jai Singh is not correct?**

[1] Amer was renamed Mominabad by Bahadurshah-I.
[2] He served under seven Mughal rulers.
[3] Due to his efforts, a conference of Rajput kings was called at Hurda on July 17, 1732.
[4] Jaiban cannon was manufactured during his reign.
[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

सवाई जयसिंह के प्रयासों से 17 जुलाई, 1734 को राजपूत राजाओं का हुरड़ा में सम्मेलन बुलाया गया ताकि संगठित होकर मराठों का मुकाबला किया जा सके।

**12. निम्नलिखित में से किस वर्ष महादजी सिंधिया और जयपुर रियासत के बीच युद्ध लड़ा गया?**

[1] 1787 ई. [2] 1741 ई.
[3] 1799 ई. [4] 1767 ई.
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [1]**

1787 ई. में लालसोट के पास तूंगा नामक स्थान पर महादजी सिंधिया और जयपुर राज्य के बीच युद्ध हुआ, जिसमें मराठों की हार हुयी लेकिन पाटन के युद्ध (1790 ई.) में प्रतापसिंह को मराठों से पराजित होना पड़ा।

**13. निम्नलिखित में से कितने ऐतिहासिक स्त्रोत मेवाड़ के गुहिलों का ब्राह्मण वंश से सम्बन्ध प्रमाणित करते हैं?**

A. आहड़ लेख
B. कुंभलगढ प्रशस्ति
C. एकलिंग महात्म्य
C. वीर विनोद

**कूट:**

[1] केवल एक [2] केवल दो
[3] केवल तीन [4] उपर्युक्त सभी
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

- कवि राजा श्यामलदास ने 'वीर विनोद' में गुहिलों का संबंध वल्लभी वंश से बताया है।
- डी.आर. भण्डारकर ने आहड़ से प्राप्त लेख के आधार पर गुहिलों को ब्राह्मण माना है।
- 'कुंभलगढ़ प्रशस्ति' तथा 'एकलिंग महात्म्य' भी गुहिल वंश को आनंदपुर के ब्राह्मण वंश से संबद्ध करते हैं।
- नैणसीं व डॉ. गोपीनाथ शर्मा भी मेवाड़ के गुहिलों का ब्राह्मणवंशीय होने से सहमत है।

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

A. कैलाशपुरी में स्थित बप्पा रावल की समाधि को 'बप्पा रावल का मंदिर' कहा जाता है।
B. कुम्भलगढ़ प्रशस्ति मेवाड़ शासक खुम्माण-III को अंग, कलिंग, सोराष्ट्र, तेलंग, द्रविड़ और गोड़ों का विजेता बताती है।
C. 1303 ई. तक मेवाड़ पर रावल शाखा का आधिपत्य रहा है।

**उपर्युक्त में से सत्य कथन का चयन कीजिए–**

[1] केवल A [2] केवल A व B
[3] केवल A व C [4] केवल B व C
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

Due to Jai Singh's efforts, a conference of Rajput kings was called at Hurda on 17 July, 1734, to unify and fight against Marathas.

**12. In which of the following year was a battle fought between Mahadji Scindia and the Jaipur princely state?**

[1] 1787 AD [2] 1741 AD
[3] 1799 AD [4] 1767 AD
[5] Question Not Attempted

**Sol. [1]**

In 1787 AD, a battle took place between Mahadji Scindia and the Jaipur princely state at Tunga, near Lalsot. The Marathas were defeated, but Pratap Singh was defeated by the Marathas in the Battle of Patan (1790 AD).

**13. How many of the following historical sources prove the relation of the Guhils of Mewar with the Brahmin clan?**

A. Ahar Inscription
B. Kumbhalgarh Euology
C. Ekalinga Mahatamya
D. Veer Vinod

[1] Only one [2] Only two
[3] Only three [4] All of the above
[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

- Kavi Raja Shyamaldas has described the Guhils as belonging to the Vallabhi dynasty in his 'Veer Vinod'.
- D.R. Bhandarkar, on the basis of the inscription obtained from Ahar, has considered the Guhils to be Brahmins.
- 'Kumbhalgarh Euology' and 'Ekalinga Mahatamya' also associate the Guhil dynasty with the Brahmin dynasty of Anandpur.
- Nainsi and Dr. Gopinath Sharma also agree that the Guhils of Mewar belonged to the Brahmin dynasty.

**14. Consider the following statements:**

A. The mausoleum of Bappa Rawal situated in Kailashpuri is called the 'Bappa Rawal Temple'.
B. The Kumbhalgarh Prashasti Describes the Mewar ruler Khumman-III as conqueror or Anga, kalinga, Saurashtra, Talanga, Dravids & Godos.
C. The Rawal branch ruled Mewar until 1303 AD.

**Select the correct statement from the above:**

[1] A only [2] A and B only
[3] A and C only [4] B and C only
[5] Question Not Attempted

Springboard ACADEMY

**Sol. [4]**

- बप्पा रावल की राजधानी नागदा थी, यहीं उसकी मृत्यु हुई, नागदा में स्थित बप्पा रावल की समाधि को 'बप्पा रावल का मंदिर' कहा जाता है।
- चित्तौड़ पर परमार व प्रतिहार शासकों के अधिकार पश्चात् खुम्माण तृतीय (877-926 ई.) ने मेवाड़ की शक्ति को पुनर्स्थापित किया।
- रावल शाखा का अंतिम शासक रतनसिंह था।

**15. निम्नलिखित में से कौन महाराणा कुम्भा का दरबारी विद्वान नहीं था?**

[1] नाथा [2] टिल्ला भट्ट
[3] कृष्णभट्ट [4] भुवनचंद सूरि
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

- कृष्णभट्ट ने महाराणा जगतसिंह के शासन काल में जगन्नाथराय प्रशस्ति की रचना की।
- सोम सुंदर,मुनिसुंदर, जयचंद सूरि, सोमदेव, भुवनचन्द सूरि, सुंदरसुरि, सुंदरगणि, टिल्ला भट्ट, नाथा, अत्रि, महेश आदि विद्वान कुम्भा के दरबार की शोभा बढ़ाते हैं।

**16. निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर शासक की पहचान कीजिए–**

A. इसने 1911 ई. के दिल्ली दरबार में भाग लिया।
B. इसने जनता को कर्ज देने के लिए राम- लक्ष्मण बैंक की स्थापना की।
C. डूंगरपुर का आधुनिकीकरण इसके शासन काल में हुआ।

**कूट :**

[1] लक्ष्मण सिंह [2] विजयसिंह
[3] जसवंत सिंह द्वितीय [4] उदय सिंह
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

**विजयसिंह (1898-1918 ई.) :** अल्पव्यस्क होने के कारण शासन प्रबंध रिजेंसी कौंसिल द्वारा चलाया गया। 1909 ई. में इसे शासनाधिकार सौंपे गये। इसने मेयो कॉलेज में शिक्षा प्राप्त की।

**17. महाराणा सज्जनसिंह की अध्यक्षता में उदयपुर में 'देश हितैषीणी सभा' की स्थापना कब हुई?**

[1] 1 जनवरी, 1864 [2] 2 अगस्त, 1877
[3] 23 नवम्बर, 1881 [4] 2 जुलाई, 1877
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [4]**

यह राजस्थान की रियासतों में पहला सामाजिक सुधार संगठन था।

**18. मेड़ता के पास हुए युद्ध में अलाउद्दीन खिलजी के किस सेनानायक एवं उसकी पत्नी को कान्हड़देव की सेना ने बंदी बना लिया था?**

[1] उलूग खाँ [2] नुसरत खाँ
[3] शम्स खाँ [4] कमालुद्दीन गुर्ग
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [4]**

- Bappa Rawal's made Nagda his capital, where he died. Bappa Rawal's mausoleum located in Nagda is called the 'Bappa Rawal Temple'.
- After the Parmar and Pratihara rulers took control of Chittor, Khumman III (877-926 AD) reedtablished the power of Mewar.
- The last ruler of the Rawal branch was Ratan Singh.

**15. Who among the following was not a court scholar of Maharana Kumbha?**

[1] Natha [2] Tilla Bhatt
[3] Krishna Bhatt [4] Bhuvanchand Suri
[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

- Krishna Bhatt composed the Jagannathrai euology during the reign of Maharana Jagat Singh.
- Scholars like Som Sundar, Munisundar, Jaichand Suri, Somdev, Bhuvanchand Suri, Sundarsuri, Sundargani, Tilla Bhatt, Natha, Atri, Mahesh, etc. graced Kumbha's court.

**16. Identify the ruler based on the following facts:**

A. He participated in the Delhi Durbar of 1911.
B. He established the Ram-Lakshman Bank to provide loans to the public.
C. Dungarpur was modernized during his reign.

**Code :**

[1] Laxman Singh [2] Vijay Singh
[3] Jaswant Singh II [4] Udai Singh
[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

**Vijay Singh (1898-1918 AD) :** Being a minor, the administration was run by the Regency Council. He was given the power of governance in 1909 AD. He gained his education at Mayo College.

**17. When was the 'Desh Hitaishini Sabha' established in Udaipur under the chairmanship of Maharana Sajjan Singh?**

[1] 1 January, 1864 [2] 2 August, 1877
[3] 23 November, 1881 [4] 2 July, 1877
[5] Question Not Attempted

**Sol. [4]**

This was first social reform organisation in pricely states of rajasthan.

**18. Which commander of Alauddin Khilji and his wife were captured by Kanhadadeva's army in the battle near Merta?**

[1] Ulug Khan [2] Nusrat Khan
[3] Shams Khan [4] Kamaluddin Gurg
[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

मलकाना युद्ध (नागौर) में कान्हड़देव ने तुर्कों को हराया तथा तुर्क सेनापति शम्स खाँ और उसकी पत्नी को कान्हड़देव की सेना ने बंदी बनाया।

**19. प्रतिहार वंश के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं हैं–**

[1] नैणसीं ने प्रतिहारों की 26 शाखाओं का वर्णन किया है।

[2] वत्सराज के शासनकाल में 778 ई. में उघोतन सूरि ने मण्डोर में ' कुवलयमाला' की रचना की।

[3] सहजपाल के अभिलेख से मण्डौर पर चौहानों के प्रभुत्व होने की जानकारी मिलती है।

[4] इनमें से कोई नहीं

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

वत्सराज के शासनकाल में 778 ई. में उघोतन सूरि ने जालौर में 'कुवलयमाला' की रचना की तथा 783 ई. में आचार्य जिनसेन ने 'हरिवंश पुराण' की रचना की।

**20. परमार शासकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

A. राजा मुंज ने चालुक्य शासक तैलप द्वितीय को छः बार परास्त किया।

B. राजमृगांक, समरांगण व कूर्मशतक आदि राजा भोज की रचनाएँ हैं।

C. पद्मगुप्त व हलायुद्ध भोज परमार के दरबारी विद्वान थे।

**उपर्युक्त में से असत्य कथन का चयन कीजिए–**

[1] केवल A  [2] केवल B

[3] केवल C  [4] केवल A व C

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

'नवसहसांक चरित' के रचयिता पद्मगुप्त व 'अभिदानमाला' के रचयिता हलायुद्ध राजा मुंज के दरबारी विद्वान थे।

**21. निम्नलिखित में से कौन भरतपुर के जाट राज्य का संस्थापक था?**

[1] गोकुल  [2] चूड़ामन

[3] बदनसिंह  [4] सूरजमल

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

चूड़ामन (1695-1721 ई.) ने मथुरा एवं आगरा क्षेत्र में मुगल साम्राज्य को चुनौती दी। इसे भरतपुर राज्य का संस्थापक माना जाता है।

**22. सूची-I (कृति) को सूची-II (लेखक) से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये कूट में से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. नृत्यरत्नकोष | i. बुद्धसिंह |
| B. श्राद्ध प्रयोग चिन्तामणि | ii. अनूपसिंह |
| C. नेहतरंग | iii. राणा कुम्भा |
| D. वेलि क्रिसन रुकमणी री | iv. पृथ्वीराज राठौड़ |

**Sol. [3]**

In the Battle of Malkana (Nagaur), Kanhaddev defeated the Turks, and the Turkish commander Shams Khan and his wife were captured by Kanhadadeva's army.

**19. Which of the following statements is not correct regarding the Pratihara dynasty?**

[1] Nainsi described 26 branches of the Pratiharas.

[2] During the reign of Vatsaraja in 778 AD, Uddyotana Suri composed the Kuvalayamala in Mandore.

[3] Sahajpal inscription gives information about chauhans dominance over mandore.

[4] None of these

[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

During the reign of Vatsaraja in 778 AD, Uddyotana Suri composed the Kuvalayamala in Jalore, and in 783 AD, Acharya Jinsen composed the Harivansh Purana.

**20. Consider the following statements regarding the Parmar rulers:**

A. King Munja defeated the Chalukya ruler Tailapa II six times.

B. Rajamrigank, Samarangan, and Kurmashataka are the works of King Bhoja.

C. Padmagupta and Halayuddha were court scholars of Bhoja Parmar.

**Select the incorrect statement from the above:**

[1] A only  [2] B only

[3] C only  [4] A and C only

[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

Padmagupta, the author of 'Navasahasank Charita', and Halayuddha, the author of 'Abhidanamala', were court scholars of King Munja.

**21. Who among the following is the founder of the Jat kingdom of Bharatpur?**

[1] Gokul  [2] Chudaman

[3] Badan Singh  [4] Surajmal

[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

Chudaman (1695-1721 AD) challenged the Mughal Empire in the Mathura and Agra regions. He is said to be the founder of the Bharatpur state.

**22. Match List-I (Works) with List II (Author) and select the correct answer from the codes given below:**

| List-I | List-II |
|---|---|
| A. Nritya Ratnakosh | i. Buddh Singh |
| B. Shraddha Prayog Chintamani | ii. Anup Singh |
| C. Nehtarang | iii. Rana Kumbha |
| D. Veli Krishan Rukmini Ri | iv. Prithviraj Rathore |

कूट :

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [1] | iii | ii | i | iv | [2] | ii | i | iii | iv |
| [3] | iii | ii | iv | i | [4] | iv | ii | iii | i |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [1]**

**23. सूची-I (प्रमुख वंश) को सूची-II (प्रमुख स्थान (शासन)) से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये कूट में से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. नाग वंश | i. जांगल प्रदेश |
| B. यौधेय वंश | ii. अहिच्छत्रपुर |
| C. चावड़ा वंश | iii. भीनमाल |

कूट :

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [1] | ii | iii | i | [2] | ii | i | iii |
| [3] | iii | ii | i | [4] | i | ii | iii |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

**24. मध्यकालीन राजस्थान में मारवाड़ रिसासत के सामन्तों की वह कौनसी श्रेणी थी जिनसे राजा के वैवाहिक संबंध होते थे?**

[1] राजवी [2] गिनायत

[3] सिरदार [4] मुत्सद्दी

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

- **गिनायत :** वे सामन्त जिनसे राजा वैवाहिक संबंध रखता था।
- **सिरदार :** राजा के निकट तीन पीढ़ी के अलावा अन्य राठौड़ सामन्त, 'सिरदार सामन्त' कहलाते थे।
- **राजवी :** ये राजा के निकट तीन पीढ़ी के सामन्त होते थे, इन्हें रेख, हुक्मनामा तथा चाकरी नहीं देनी पड़ती थी।
- **मुत्सद्दी :** प्रशासनिक अधिकारी।

**25. मध्यकालीन राजस्थान की भू-राजस्व व्यवस्था में वह कौनसी वंशानुगत जागीर थी जो राजा प्रशासनिक अधिकारियों को देता था?**

[1] भौम जागीर [2] सामन्त जागीर

[3] हुकूमत जागीर [4] सासण जागीर

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

- **सामन्त जागीर :** राजा अपने भाईयों को यह जागीर देता था, यह वंशानुगत होती थी।
- **भौम जागीर :** राजा शहीदों को यह जागीरे देता था, ये वंशानुगत व गैर-वंशानुगत दोनों प्रकार की थी।
- **सासण जागीर :** राजा द्वारा मन्दिर, मस्जिद, दरगाह इत्यादि को ये जागीर दी जाती थी। ये 'कर मुक्त' जागीर होती थी अतः इसे 'माफी जागीर' भी कहते थे।

Code :

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [1] | iii | ii | i | iv | [2] | ii | i | iii | iv |
| [3] | iii | ii | iv | i | [4] | iv | ii | iii | i |

[5] Question Not Attempted

**Sol. [1]**

**23. Match List-I (Major Dynasty) with List II (Major Places (Rule)) and select the correct answer from the codes given below:**

| List-I | List-II |
|---|---|
| A. Naag Dynasty | i. Jangal Pradesh |
| B. Yaudheya Dynasty | ii. Ahicchhatrapur |
| C. Chavda Dynasty | iii. Bhinmal |

Code :

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [1] | ii | iii | i | [2] | ii | i | iii |
| [3] | iii | ii | i | [4] | i | ii | iii |

[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

**24. In medieval Rajasthan, which category of feudal lords of Marwar State had marital relations with king?**

[1] Rajvi [2] Ginayat

[3] Sardar [4] Mutsaddi

[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

- **Ginayat:** The feudal lords with whom the king had marital relations.
- **Sirdar:** Rathore feudal lords other than those within three generations of the king were called Sirdar feudal lords.
- **Rajvi:** These were feudal lords of the king from three generations, they did not have to give Rekh, Hukumnama and Chakari.
- **Mutsaddi:** Administrative officer.

**25. In the land revenue system of medieval Rajasthan, Which was the hereditary Jagir that the king granted to administrative officers?**

[1] Bhom Jagir [2] Samant Jagir

[3] Hukumat Jagir [4] Sasan Jagir

[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

- **Samant Jagir:** The king granted this Jagir to his brothers; it was hereditary.
- **Bhom Jagir:** The king granted this Jagir to martyrs; it was both hereditary and non-hereditary.
- **Sasan Jagir:** The king granted this Jagir to temples, mosques, dargahs, etc.; It was a 'tax-free' Jagir, hence it was also called 'Maafi Jagir'.

Springboard ACADEMY

**26. मध्यकालीन राजस्थान राजस्व व्यवस्था के संदर्भ में सामन्तों द्वारा राजा को दिए जाने वाले कर के संबंध में असत्य कथन का चयन कीजिए–**

[1] पट्टा रेख अनुमानित भू–राजस्व कर का एक प्रकार था।
[2] मारवाड़ के अजीतसिंह के समय 'तागीरात' नामक कर सामन्तों से वसूला जाता था।
[3] राजस्थान की सभी रियासतों के सामन्त अपने राजा को उत्तराधिकार शुल्क जमा करवाते थे।
[4] मेवाड़ की अमरशाही रेख व्यवस्था में सामन्तों को सोलह, बत्तीस एवं गोल तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया था।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

जैसलमेर के सामन्त राजा को उत्तराधिकार शुल्क जमा नहीं करवाते थे।

**27. मध्यकालीन राजस्थान की प्रशासनिक एवं भू–राजस्व व्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

A. बापीदार किसान को मिलने वाले पट्टे को 'दाखिला' कहा जाता था।
B. राजस्थान की सामन्ती व्यवस्था यूरोपीय सामन्ती व्यवस्था की तरह सम्मान एवं कर्त्तव्यों पर आधारित थी।
C. जयपुर रियासत में 'प्रधान' को 'मुख्त्यार' कहते थे।

**उपर्युक्त कथनों के आधार पर सही कथन/कथनों का चयन कीजिए–**

[1] केवल A [2] केवल B व C
[3] केवल C [4] केवल A व C
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [1]**

- **प्रधान :** यह राजा को सैनिक तथा प्रशासनिक मामलों में सलाह प्रदान करता था।
- भरतपुर/बीकानेर में इसे मुख्त्यार एवं जयपुर रियासत में मुसाहिब कहते थे।
- जेम्स टॉड के अनुसार यूरोपीय सामन्ती व्यवस्था में राजा स्वामी की तरह होता था तथा सामन्त उसके सेवक होते थे, लेकिन राजस्थान की सामन्ती व्यवस्था, सम्मान एवं कर्त्तव्यों पर आधारित थी।

**28. 1857 ई. की क्रांति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

A. क्रांति के समय राजपूताना में स्थित छः ब्रिटिश सैनिक छावनियों में एक भी यूरोपीय सैनिक नहीं था।
B. डूँगरपुर रियासत के शासक महारावल जसवंतसिंह को अंग्रेजों ने गद्दी से हटा दिया था।
C. नसीराबाद विद्रोह में 15वीं एवं 30वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री, भारतीय तोपखाने के सैनिक एवं बम्बई लांसर्स के सवार शामिल थे।

**उपर्युक्त में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिए–**

[1] केवल A एवं B [2] A, B एवं C
[3] केवल B एवं C [4] केवल A एवं C
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

**26. In the context of the medieval Rajasthan revenue system, select the incorrect statement regarding the tax paid by the feudal lords to the king-**

[1] Patta Rekh was a type of estimated land revenue tax.
[2] During the reign of Ajit Singh of Marwar, a tax called 'Tagirat' was collected from the feudal lords.
[3] The feudal lords of all the princely states of Rajasthan paid inheritance tax to their king.
[4] In the Amarshahi Rekh system of Mewar, the feudal lords were divided into three categories: Solah, Battis and Gol.
[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

The feudal lords of Jaisalmer did not pay inheritance tax to the king.

**27. Consider the following statements in the context of the administrative and land revenue system of medieval Rajasthan:**

A. The lease given to the Bapidar farmer was called 'Dakhila'.
B. The feudal system of Rajasthan, like the European feudal system, was based on honour and duties.
C. The 'Pradhan' of the Jaipur princely state was called as 'Mukhtiyar'.

**Based on the above statements, select the correct statement(s):**

[1] A only [2] B and C only
[3] C only [4] A and C only
[5] Question Not Attempted

**Sol. [1]**

- **Pradhan:** He advised the king on military and administrative matters.
- In Bharatpur/Bikaner, he was called Mukhtiyar, and Musahib in Jaipur.
- According to James Tod, in the European feudal system, the king was like the master and the feudal lords were his servants, but the feudal system of Rajasthan was based on honour and duties.

**28. Consider the following statements in the context of the 1857 rebellion -**

A. During revolt, there was not a single European soldier in the six British military cantonments located in Rajputana.
B. Maharawal Jaswant Singh, the ruler of the Dungarpur state, was dethroned by the British.
C. 15th and 30th Bengal Native Infantry, Indian Artillery troops and horsemen of the Bombay Lancers were involved in revolt of Nasirabad.

**Select the correct statement(s) from the above:**

[1] A and B only [2] A, B and C
[3] B and C only [4] Only A and C
[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

29. **1857 ई. की क्रांति में किस रियासत को विप्लवकारियों से मुक्ति दिलाने के लिए पटियाला नरेश ने सहायता भेजी? (सर्वोतम विकल्प का चयन कीजिए)**

[1] भरतपुर [2] करौली
[3] धौलपुर [4] बीकानेर
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

धौलपुर के शासक दिसम्बर 1857 ई. तक शक्तिहीन बने रहे और उन पर विप्लवकारियों का नियंत्रण रहा। अंत में धौलपुर नरेश के अनुरोध पर पटियाला के शासक ने 2000 सिक्ख सैनिक और तोपखना भेजा। इन सैनिकों ने धौलपुर के शासक को विद्रोहियों से मुक्ति दिलाई और राज्य में व्यवस्था बहाल की।

30. **निम्नांकित में से कौनसे विद्रोहियों का संबंध जयपुर रियासत से था?**

A. उस्मान खाँ B. अहमदयार खाँ
C. मीर आलम खाँ D. सदरूद्दीन

**निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनें-**

[1] B [2] C
[3] D [4] A
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [4]**

- मीर आलम खाँ एवं अहमदयार खाँ का संबंध टोंक रियासत से था।
- सदरूद्दीन विद्रोही नेता का संबंध भरतपुर रियासत से था।
- सादुल्ला खाँ, विलायत खाँ, उस्मान खाँ एवं लियाकत खाँ विद्रोही नेताओं का संबंध जयपुर रियासत से था।

31. **1857 ई. की क्रांति के संदर्भ में निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए-**

A. यहाँ पर विद्रोहियों ने अंग्रेज डॉक्टर सेल्डर एवं सेविल कोंटम को मार दिया था।
B. यहाँ शासक की दशा अपने ही दुर्ग में बंदी के समान हो गई थी।
C. 30 मार्च, 1858 ई. को अंग्रेज अधिकारी राबर्ट्स ने इसे विप्लवकारियों से मुक्ति दिलवाई।

**उपर्युक्त घटनाएँ राजस्थान की किस रियासत से संबंधित थी?**

[1] जयपुर [2] कोटा
[3] मेवाड़ [4] मारवाड़
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

32. **1857 ई. की क्रान्ति में निम्नांकित में से किसने तात्या टोपे की सहायता की थी?**

A. कोठारिया के जोधसिंह
B. टोंक के नासिर मुहम्मद खाँ
C. बीकानेर महाराजा सरदार सिंह
D. सलूम्बर के केसरीसिंह

**निम्नलिखित में से सर्वोत्तम विकल्प चुनिए-**

[1] केवल A एवं B [2] A, B एवं C
[3] A, C एवं D [4] A, B, C एवं D
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [4]**

29. **During the 1857 rebellion to, which princely state did the King of Patiala send aid to rescue it from the revolutionaries? (Select the best option)**

[1] Bharatpur [2] Karauli
[3] Dholpur [4] Bikaner
[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

The ruler of Dholpur remained powerless and under the control of the revolutionaries until December 1857. Finally, at the request of the Dholpur king, the ruler of Patiala sent 2,000 Sikh soldiers and artillery. These soldiers freed the Dholpur ruler from the revolutionaries and restored order in the kingdom.

30. **Which of the following revolutionaries were associated with the Jaipur Princely State?**

A. Usman Khan B. Ahmadyar Khan
C. Mir Alam Khan D. Sadaruddin

**Choose the most appropriate option from below-**

[1] B [2] C
[3] D [4] A
[5] Question Not Attempted

**Sol. [4]**

- Mir Alam Khan and Ahmadyar Khan were associated with the Tonk Princely State.
- Rebellious leader Sadaruddin was associated with the Bharatpur Princely State.
- Rebellious leaders Sadullah Khan, Vilayat Khan, Usman Khan, and Liaquat Khan were associated with the Jaipur Princely State.

31. **Consider the following events in the context of the revolt of 1857 :**

A. Revolutionaries here killed the British doctors Selder and Seville Contam.
B. Here the Ruler became as a prisoner in his own fort.
C. On 30 March, 1858, the British officer Roberts liberated it from the revolutionaries.

**The about event are related to which princely state of Rajasthan?**

[1] Jaipur [2] Kota
[3] Mewar [4] Marwar
[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

32. **Who among the following supported Tatya Tope in the revolt of 1857?**

A. Jodh Singh of Kotharia
B. Nasir Muhammad Khan of Tonk
C. Bikaner Maharaja Sardar Singh
D. Kesri Singh of Salumber

**Choose the most appropriate option from below-**

[1] A and B only [2] A, B and C
[3] A, C and D [4] A, B, C and D
[5] Question Not Attempted

**Sol. [4]**

Springboard ACADEMY

- बीकानेर महाराजा सरदारसिंह ने तात्या टोपे को 10 घुड़सवारों की सहायता की।
- सीकर के सामन्त ने तात्या टोपे को शरण दी थी अत: अंग्रेजों ने उसे फांसी लगा दी।

**33. निम्नलिखित में से सुमेलित युग्म को पहचानिए–**

| | सैनिक टुकड़ी | गठन वर्ष | मुख्यालय |
|---|---|---|---|
| A. | कोटा कन्टिनजेंट | 1822 ई. | देवली |
| B. | जोधपुर लीजियन | 1839 ई. | खैरवाड़ा |
| C. | मेवाड़ भील कोर | 1841 ई. | ब्यावर |

**निम्नलिखित में से सबसे उचित विकल्प चुनें–**

[1] केवल A [2] केवल B
[3] केवल C [4] इनमें से कोई नहीं
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [1]**

- जोधपुर लीजियन का गठन 1835 ई. में एरिनपुरा (पाली) में किया गया।
- मेवाड़ भील कोर का गठन 1841 ई. में खैरवाड़ा में किया गया।
- मेरवाड़ा बटालियन का गठन 1822 ई. में ब्यावर में किया गया।

**34. निम्नलिखित सूची–I (रियासत : 1857 ई. की क्रांति के समय) को सूची–II (पॉलिटिकल एजेन्ट) से सुमेलित कीजिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. जयपुर | i. मेजर शॉवर्स |
| B. मेवाड़ | ii. मेजर ईडन |
| C. भरतपुर | iii. मेजर बर्टन |
| D. कोटा | iv. मेजर मॉरिसन |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [1] | ii | iii | iv | i | [2] | iii | iv | i | ii |
| [3] | ii | i | iv | iii | [4] | iv | iii | ii | i |

**Sol. [3]**

**35. 1857 ई. की क्रांति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

A. चेलावास के युद्ध में कुशालसिंह चम्पावत ने कर्नल होम्स एवं हंसराज जोशी को हराया।
B. जीरापुर के युद्ध में शॉवर्स एवं होनर्स ने तात्या टोपे को हराया।
C. 1857 ई. की क्रांति के परिणामस्वरूप राजस्थान में धौलपुर, टोंक एवं झालावाड़ नामक नई रियासतें अस्तित्व में आई।

**उपर्युक्त में से असत्य कथन/कथनों का चयन कीजिए–**

[1] A एवं B [2] केवल B
[3] केवल C [4] A एवं C
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [1]**

- आऊवा के युद्ध में कुशालसिंह चम्पावत ने कर्नल होम्स एवं हंसराज जोशी (जोधपुर) को हराया था।
- चेलावास के युद्ध में जॉर्ज पैट्रिक लोरेन्स (A.G.G.) एवं मैकमेसन (P.A. जोधपुर) को हराया था।
- जीरापुर के युद्ध में कर्नल बेसेन ने तात्या टोपे को हराया था।
- दौसा के युद्ध में शॉवर्स एवं होनर्स ने तात्या टोपे को हराया था।

- Bikaner Maharaja Sardar Singh provided Tatya Tope with 10 horsemen.
- The feudal lord of Sikar provided refuge to Tatya Tope due to this British hanged him.

**33. Choose the correctly matched pair from the following-**

| | Military Unit | Formation Year | Headquarters |
|---|---|---|---|
| A. | Kota Contingent | 1822 AD. | Deoli |
| B. | Jodhpur Legion | 1839 AD. | Khairwara |
| C. | Mewar Bhil Corps | 1841 AD. | Beawar |

**Choose the most appropriate option from below-**

[1] A only [2] B only
[3] C only [4] None of these
[5] Question Not Attempted

**Sol. [1]**

- The Jodhpur Legion was formed in 1835 AD at Erinpura (Pali).
- The Mewar Bhil Corps was formed in 1841 AD at Khairwara.
- The Merwara Battalion was formed in 1822 AD at Beawar.

**34. Match the following List-I (Princely State : At the time of the revolution of 1857 AD.) with List-II (Political Agent)-**

| List-I | List-II |
|---|---|
| A. Jaipur | i. Major Shawers |
| B. Mewar | ii. Major Eden |
| C. Bharatpur | iii. Major Burton |
| D. Kota | iv. Major Nixon |

**Code :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [1] | ii | iii | iv | i | [2] | iii | iv | i | ii |
| [3] | ii | i | iv | iii | [4] | iv | iii | ii | i |

**Sol. [3]**

**35. Consider the following statements in the context of the Revolution of 1857 AD -**

A. Kushal Singh Champawat defeated Colonel Holmes and Hansraj Joshi in the Battle of Chelawas.
B. Showers and Honners defeated Tatya Tope in the Battle of Zirapur.
C. As a out come of the revolution of 1857 AD, new princely states named Dholpur, Tonk, and Jhalawar were came into existance in Rajasthan.

**Select the incorrect statement(s) from the above:**

[1] A and B [2] B only
[3] C only [4] A and C
[5] Question Not Attempted

**Sol. [1]**

- Kushal Singh Champawat defeated Colonel Holmes and Hansraj Joshi (Jodhpur) in the Battle of Auwa.
- George Patrick Lawrence (A.G.G.) and Macmason (P.A Jodhpur) were defeated in the Battle of Chelawas.
- Colonel Besson defeated Tatya Tope in the Battle of Zirapur.
- Showars and Honors defeated Tatya Tope in the Battle of Dausa.

**36. निम्नांकित में से कौनसे समाचार पत्रों ने बिजौलिया किसान आन्दोलन से संबंधित खबरें प्रकाशित की?**

A. प्रताप B. अभ्युदय

C. भारत-मित्र D. मराठा

**निम्नलिखित में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनें-**

[1] केवल A एवं B [2] केवल B एवं C

[3] उपर्युक्त सभी [4] B, C एवं D

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

- गणेश शंकर विद्यार्थी ने कानपुर से प्रकाशित अपने समाचार पत्र 'प्रताप' में एक स्थायी स्तम्भ बिजौलिया किसान आन्दोलन संबंधी समाचार देने के लिए खोल दिया।
- इसके अतिरिक्त प्रयाग का 'अभ्युदय', कलकत्ता का 'भारत-मित्र' तथा पूना से लोकमान्य तिलक के 'मराठा' पत्रों ने भी बिजौलिया किसान आन्दोलन संबंधी समाचारों को नियमित रूप से प्रकाशन करना आरम्भ कर दिया था।

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए-**

A. बिजौलिया किसान आन्दोलन में अंजना देवी ने महिलाओं को नेतृत्व प्रदान किया।

B. बेगूं किसान आन्दोलन, 1921 ई. में मुख्यतः धाकड़ जाति के किसानों द्वारा प्रारम्भ किया गया।

C. चाँदखेड़ी एवं मण्डावरी बरड़ किसान आन्दोलन के प्रमुख केन्द्र थे।

**निम्नलिखित में से सर्वोत्तम संबंधित विकल्प चुनें-**

[1] केवल A सत्य है। [2] केवल A एवं B सत्य हैं।

[3] केवल B एवं C सत्य है। [4] A, B और C तीनों सत्य है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

चाँदखेड़ी एवं मण्डावरी बेगूं कृषक आन्दोलन के अन्य प्रमुख केन्द्र थे।

**38. नीमूचणा हत्याकाण्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प का चयन कीजिए-(सर्वोत्तम विकल्प का चयन कीजिए)**

A. 'रियासत' समाचार पत्र ने इसकी तुलना जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड से की थी।

B. गांधीजी ने अपने 'नवजीवन' समाचार पत्र में इसे दोहरी डायरशाही कहा।

C. 'तरूण राजस्थान' समाचार पत्र ने इस घटना को सचित्र प्रकाशित किया।

**कूट :**

[1] केवल A सत्य हैं। [2] A, B एवं C सत्य हैं।

[3] A एवं C दोनों सत्य हैं। [4] केवल C सत्य है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

- गांधीजी ने 'यंग इण्डिया' समाचार पत्र में नीमूचणा हत्याकाण्ड को दोहरी डायरशाही (दूसरा जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड) कहा।
- रियासत समाचार पत्र में इसकी तुलना जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड से की थी।

**36. Which of the following newspapers published news related to the Bijolia peasant movement?**

A. Pratap B. Abhyudaya

C. Bharat-Mitra D. Maratha

**Choose the most appropriate option from below-**

[1] A and B only [2] B and C only

[3] All of the above [4] B, C and D

[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

- Ganesh Shankar Vidyarthi published a permanent column in his newspaper 'Pratap' from Kanpur to provide news related to the Bijolia peasant movement.
- Besides this, 'Abhyudaya' from Prayag, 'Bharat-Mitra' of Calcutta and Lokmanya Tilak's 'Maratha' newspaper from Pune also started publishing news related to the Bijolia peasant movement on a regular basis.

**37. Consider the following statements and choose the correct option:**

A. Anjana Devi led the women in the Bijolia peasant movement.

B. The Begun peasant movement was started in 1921, mainly by peasant of the Dhakar caste.

C. Chandkhedi and Mandawari were the main centers of the Barad peasant movement.

**Choose the most appropriate related option from below-**

[1] Only A is correct.

[2] Only A and B are correct.

[3] Only B and C are correct.

[4] All three A, B, and C are correct.

[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

Chandkhedi and Mandawari were other major centers of the begun peasant movement.

**38. Consider the following statements in the context of the Neemuchana massacre and select the correct option: (Choose the most appropriate option)**

A. Riyasat newspaper compared it with Jallianwala bagh massacare.

B. Gandhiji called it "Double Dyerism"in his "Navjeevan" newspaper.

C. The "Tarun Rajasthan" newspaper published this incident with pictures.

**Code :**

[1] Only A is correct.

[2] A, B, and C are correct.

[3] Both A and C are correct.

[4] Only C is correct.

[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

- Gandhiji called it the "Double Dyerism (the second "Jallianwala Bagh massacre") in the "Young India" newspaper.
- It was compared to the Jallianwala Bagh massacre in the Riyasati newspaper.

Springboard ACADEMY

39. **शेखावाटी किसान आन्दोलन के संदर्भ में निम्नलिखित में से असत्य कथन को चुनिए–**

[1] 1912 ई. में चिड़ावा में मास्टर कालीचरण शर्मा ने 'सेवा समिति' का गठन किया।

[2] लन्दन के 'द गॉर्जियन' समाचार पत्र में इस आन्दोलन की खबरे प्रकाशित हुई।

[3] 1925 ई. में 'अखिल भारतीय जाट महासभा' ने पुष्कर अधिवेशन में इसका समर्थन किया।

[4] हरिब्रह्मचारी, ठाकुर देशराज (भरतपुर) इस आन्दोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

40. **निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म को चुनिए–**

| | **घटनाक्रम** | | **वर्ष** |
|---|---|---|---|
| [1] | कूदन हत्याकाण्ड | - | 25 अप्रैल, 1935 ई. |
| [2] | कटराथल सम्मेलन | - | 25 अप्रैल, 1934 ई. |
| [3] | हिण्डौली सम्मेलन | – | 5 अक्टूबर, 1936 ई. |
| [4] | गोविन्दपुरा हत्याकाण्ड | - | 13 दिसम्बर, 1921 ई. |

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [4]**

- गोविन्दपुरा हत्याकाण्ड : 13 जुलाई, 1923 ई.
- पोडोली सम्मेलन : दिसम्बर 1921 ई.

41. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

A. 'ऊपरमाल का डंका' मेवाड़ी भाषा में हस्तलिखित समाचार-पत्र था।

B. 1853 ई. में मेवाड़ महाराणा स्वरूप सिंह ने डाकन प्रथा पर रोक लगायी।

C. मेव आन्दोलन को 'अंजुमन-ए-खादिम-उल-इस्लाम' धार्मिक संगठन का समर्थन प्राप्त था।

**उपर्युक्त कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए–**

[1] केवल कथन C सत्य है।

[2] कथन A, B एवं C तीनों सत्य है।

[3] केवल कथन B एवं C सत्य है।

[4] केवल कथन B सत्य है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

42. **कथन-I :** मामा बालेश्वर दयाल ने राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में भील जनजाति के लिए काम करते हुए 'जल, जंगल और जमीन' आंदोलन चलाया।

**कथन-II :** माणिक्य लाल वर्मा ने एकी आन्दोलन के दौरान 'मेवाड़ की पुकार' नामक 21 सूत्रीय माँगें मेवाड़ महाराणा के सामने रखी।

**उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्नांकित में से सही विकल्प का चयन कीजिए–**

[1] कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है।

[2] कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है।

[3] दोनों कथन सत्य है।

[4] दोनो कथन असत्य है।

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [1]**

एकी आन्दोलन में मोतीलाल तेजावत ने 21 माँगें सरकार (मेवाड़ महाराणा) के सामने रखी। इन माँगों को 'मेवाड़ की पुकार' कहा जाता है।

39. **In the context of the Shekhawati peasant movement, choose the incorrect statement from the following:**

[1] In 1912, Master Kalicharan Sharma formed the 'Seva Samiti' in Chirawa.

[2] News related to this movement were published in London's 'The Guardian' newspaper.

[3] In 1925, the 'All India JatMahasabha' supported it at the Pushkar session.

[4] Hari Brahmachari, Thakur Deshraj (Bharatpur) were among the main leaders of this movement.

[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

40. **Select the mismatched pair from the following:**

| | **Incident** | | **Year** |
|---|---|---|---|
| [1] | Koodan Massacre | - | 25 April, 1935 |
| [2] | Katrathal Conference | - | 25 April, 1934 |
| [3] | Hindoli Conference | - | 5 October , 1936 |
| [4] | Govindpura Massacre | - | 13 December, 1921 |

[5] Question Not Attempted

**Sol. [4]**

- Govindpura Massacre : 13 July, 1923
- Podoli Conference : December 1921

41. **Consider the following statements:**

A. 'Uparmal Ka Danka' was a handwritten newspaper in the Mewari language.

B. In 1853, Maharana Swaroop Singh of Mewar banned the Dakan practice.

C. The Meo movement was supported by the religious organization 'Anjuman-e-Khadim-ul-Islam'.

**Select the correct option based on the above statements:**

[1] Only statement C is correct.

[2] All three statements A, B, and C are correct.

[3] Only statements B and C are correct.

[4] Only statement B is correct.

[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

42. **Statement I:** Mama Baleshwar Dayal, for upliftment of Bhil tribe in Rajasthan and Madhya Pradesh, launched the 'Jal, Jungle, and Zameen' movement.

**Statement II:** During the Eki movement, Manikya Lal Verma presented 21 demands called 'Mewar Ki Pukar' to the Maharana of Mewar.

**Based on the above statements, select the correct option from the following:**

[1] Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

[2] Statement I is incorrect, but Statement II is correct.

[3] Both statements are correct.

[4] Both statements are incorrect.

[5] Question Not Attempted

**Sol. [1]**

During the Eki movement, Motilal Tejawat presented 21 demands to the government (Maharana of Mewar). These demands were called 'Mewar Ki Pukar'.

**43. निम्नलिखित में से असंगत युग्म को पहचानिए–**

| **आंदोलन/विद्रोह** | | **संबंधित व्यक्ति** |
|---|---|---|
| A. भील विद्रोह | – | खेमा |
| B. एकी आंदोलन | – | पूंजा धीरजी |
| C. मीणा आंदोलन | – | जवाहर राम |
| D. भगत आंदोलन | – | सुरजी भगत |

**कूट :**

[1] C [2] D
[3] B [4] A
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

गोविन्द गिरी एवं पूँजा धीरजी भगत आन्दोलन से संबंधित थे।

**44. 1944 ई. में गठित 'मीणा सुधार समिति' का निम्नांकित में से कौन सदस्य नहीं था?**

[1] लक्ष्मीनारायण झरवाल
[2] महादेव राव पबड़ी
[3] बंशीधर शर्मा
[4] राजेन्द्र कुमार अजेय
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

1924 में लागू 'क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट' से उपजी स्थिति सुधारने के लिए छोटूलाल झरवाला, महादेवराम पबड़ी, बंशीधर शर्मा एवं जवाहर राम ने 'मीणा जाति सुधार' कमेटी बनाई।

**45. 'गोविन्द गिरी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा कथन सत्य नहीं है–**

A. इनका जन्म बेड़सा (डूंगरपुर) ग्राम में 1858 ई. में बंजारा परिवार में हुआ था।
B. ये बूंदी-कोटा अखाड़े के महन्त राजगिर के शिष्य थे।
C. इन्होंने 1903 ई. में सम्प सभा की स्थापना की।
D. इन्होंने 1911 ई. में भगत पंथ की स्थापना की।

**निम्नलिखित में से सबसे उचित विकल्प चुनें–**

[1] C [2] D
[3] A [4] B
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [1]**

1883 ई. में इन्होंने सम्प सभा की स्थापना की।

**46. निम्नखित में से असत्य कथन को चुनिए–**

[1] यमुना प्रसाद वर्मा ने 1910 ई. में 'आचार-सुधारिणी सभा' की स्थापना की।
[2] मेर विद्रोह का मुख्य केन्द्र झाक(जोधपुर)था।
[3] तुलसा भील के विजयसिंह पथिक के संदेशवाहक थे।
[4] भील सेवा मण्डल की स्थापना भोगीलाल पाड्‌या ने की थी।
[5] अनुत्तरित प्रश्न

**43. Choose the mismatchedpair from the following:**

| **Movement/Rebellion** | | **Related Persons** |
|---|---|---|
| A. Bhil Rebellion | - | Khema |
| B. Eki Movement | - | Poonja Dheerji |
| C. Meena Movement | - | Jawahar Ram |
| D. Bhagat Movement | - | Surji Bhagat |

**Code :**

[1] C [2] D
[3] B [4] A
[5] Question Not Attempted

**Sol. [3]**

Govind Giri and Poonja Dheerji were associated with the bhagat movement.

**44. Who among the following was not a member of the 'Meena Reform Committee' formed in 1944?**

[1] Laxminarayan Jharwal
[2] Mahadev Rao Pabadi
[3] Banshidhar Sharma
[4] Rajendra Kumar Ajay
[5] Question Not Attempted

**Sol. [2]**

To improve the situation arising out of the 'Criminal Tribes Act' implemented in 1924, Chhotulal Jharwala, Mahadevram Pabdi, Banshidhar Sharma and Jawahar Ram formed the 'Meena Caste Reform' Committee.

**45. Which of the following statements is not correct regarding 'Govind Giri'?**

A. He was born in 1858 in a Banjara family in the village of Bedsa (Dungarpur).
B. He was a disciple of Mahant Rajgir of the Bundi-Kota Akhara.
C. He founded the Samp Sabha in 1903.
D. He founded the Bhagat Panth in 1911.

**Choose the most appropriate option from below-**

[1] C [2] D
[3] A [4] B
[5] Question Not Attempted

**Sol. [1]**

He founded the Samp Sabha in 1883 AD.

**46. Choose the incorrect statement from the following:**

[1] Yamuna Prasad Verma founded the 'Achar-Sudharini Sabha' in year 1910.
[2] The main center of the Mer rebellion was Jhak (Jodhpur).
[3] Tulsi Bhil was the messenger of Vijay Singh Pathik.
[4] The Bhil Seva Mandal was founded by Bhogilal Pandya.
[5] Question Not Attempted

**Sol. [4]**

भील सेवा मण्डल की स्थापना अमृतलाल विट्ठलदास ठक्कर ने की थी।

**47. वर्तमान राजस्थान के निर्माण के विभिन्न चरणों के क्रम में तृतीय चरण में किसे राजप्रमुख नियुक्त किया गया था?**

[1] भीम सिंह [2] उदयभान सिंह

[3] सवाई मानसिंह-II [4] भूपाल सिंह

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [4]**

प्रथम चरण में राजप्रमुख – उदयभान सिंह

द्वितीय चरण में राजप्रमुख – भीम सिंह

तृतीय चरण में राजप्रमुख – महाराणा भूपालसिंह

चतुर्थ चरण में राजप्रमुख – सवाई मानसिंह-II

**48. 3 फरवरी,1949 ई. में राजस्थान एकीकरण के विषय में आयोजित दिल्ली बैठक में निम्नांकित में से कौनसे नेताओं ने भाग नहीं लिया था?**

A. हीरालाल शास्त्री B. गोकुल भाई भट्ट

C. माणिक्यलाल वर्मा D. गोकुल लाल असावा

E. जयनारायण व्यास F. मोहनलाल सुखाड़िया

**उपर्युक्त में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनें-**

[1] केवल A,B एवं C [2] केवल D एवं F

[3] केवल D एवं E [4] केवल A एवं C

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [2]**

राजस्थान के भावी शासन की रूपरेखा तय करने हेतु दिल्ली में आयोजित 3 फरवरी, 1949 की बैठक में राजस्थान में गोकुलभाई भट्ट (अध्यक्ष, प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी)जयनारायण व्यास (मुख्यमंत्री, जोधपुर), माणिक्यलाल वर्मा (मुख्यमंत्री, उदयपुर)एवं हीरालाल शास्त्री (मुख्यमंत्री सचिव, जयपुर) ने भाग लिया।

**49. राजस्थान एकीकरण में वृहत राजस्थान के निर्माण के लिए निम्नांकित में से किस राजनैतिक दल ने आन्दोलन चलाया?**

[1] रामराज्य परिषद [2] भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

[3] समाजवादी दल [4] स्वतंत्र पार्टी

[5] अनुत्तरित प्रश्न

**Sol. [3]**

- समाजवादी दल ने वृहत राजस्थान के लिए आह्वान किया। समाजवादी दल ने अखिल भारतीय स्तर पर एकीकृत राजस्थान की स्थापना के लिए 'राजस्थान आन्दोलन समिति' का गठन किया।
- समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण ने 9 नवम्बर, 1948 ई. को उदयपुर में एक आम सभा को उद्‌बोधित करते हुए शीघ्रातिशीघ्र वृहत् राजस्थान के निर्माण की मांग की।
- समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया ने जयपुर, बीकानेर, जैसलमेर और मत्स्य प्रदेश को संयुक्त राजस्थान में मिलाकर वृहत राजस्थान की मांग की।

**Sol. [4]**

